कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 13.01.2025

विषयः- 29 कि0ग्रा0 प्रतिबंधित मांझा के साथ थाना आदमपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त गिरफ्तार ।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक आदमपुर के नेतृत्व में दिनांक 13.01.2025 को थाना आदमपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर प्रतिबंधित मांझा के उपयोग व बिक्री पर पूर्णतः रोकथाम की कार्यवाही के क्रम मे थाना आदमपुर के चौकी मच्छोदरी अन्तर्गत कोयला बाजार में कोयला बाजार जुमा मस्जिद के सामने बंद घर के पास चबूतरे पर एक व्यक्ति द्वारा सफेद बोरे मे अवैध चायनीज मांझा बेचने की बात प्रकाश मे आने पर दबिश देकर अभियुक्त मोहम्मद जफर पुत्र मोहम्मद मुस्तफा निवासी के 49/83 अमिया मंडी थाना कोतवाली वाराणसी उम्र लगभग 24 वर्ष को 29 किलोग्राम अवैध चाइनीज मांझा के साथ दिनांक 12.01.2025 को समय लगभग 23.30 बजे गिरफ्तार किया गया जिस क्रम मे थाना आदमपुर पर मु0अ0सं0- 05/2025 धारा- 293/125/223 बीएनएस व 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम बनाम मोहम्मद जफर उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत कर विवेचना हेतु उ.नि. सौरभ कुमार को सुपुर्द किया गया।

बरामदगी का दिनांक व स्थान– दिनांक- 12.01.2025 स्थान- कोयला बाजार जुमा मस्जिद के सामने चबूतरे पर थाना आदमपुर कमि. वाराणसी।

नाम व पता अभियुक्त– मोहम्मद जफर पुत्र मोहम्मद मुस्तफा निवासी के 49/83 अमिया मंडी थाना कोतवाली वाराणसी उम्र लगभग 24 वर्ष।

बरामद माल- कुल 29 किलोग्राम अवैध चायनीज मांझा जिसमे 485 ग्राम नमूना माल।

पंजीकृत अभियोग- मु0अ0सं0- 05/2025 धारा 293/125/223 बीएनएस 2023 व 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उप निरीक्षक विकास कुमार मिश्र चौकी प्रभारी मच्छोदरी थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी
2. उप निरीक्षक नीरज कुमार सिह थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी
3. उप निरीक्षक रमाकान्त यादव थाना आदमपुर कमि. वाराणसी
4. उप निरीक्षक प्रशिक्षु रविशंकर राय थाना आदमपुर कमि. वाराणसी
5. उप निरीक्षक प्रशिक्षु अभय सिंह सेगर थाना आदमपुर कमि. वाराणसी
6. मुख्य आरक्षी राजीव यादव थाना आदमपुर कमि. वाराणसी
7. आरक्षी श्याम स्वरुप थाना आदमपुर कमि. वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।